सार-समाचार

संवित धाम में चंडी यज्ञ 11 को होगा

जोधपुर, (कास)। परमहंस परिव्राजकाचार्य स्वामी ईश्वरानंद गिरि महाराज द्वारा दईजर लाछा बासनी में स्थापित संवित धाम आश्रम में शुक्रवार 11 अक्टूबर को चंडी हवन होगा जिसमे नागकेशर, मेहंदी, सिंदूर, अभ्रक, कमल गट्टा, मक्खन, हरा साग सहित सर्व औषधियों से आहुतियां दी जाएगी। अपराह्न 4.30 बजे चंडी हवन की पूर्णाहूती होगी। संत सरोवर सोमाश्रम, माउंट आबू के अधिष्ठाता स्वामी नारायण गिरि महाराज के सानिध्य में नौ कुंडीय हवन होगा। महेश हर्ष, शेखर थानवी, कमलेश पनिया, शैलेश व्यास और तरुण व्यास के साथ सभी साधक सामूहिक दुर्गा सप्तसती का पाठ करेंगे। 11अक्टूबर को संवित धाम का वार्षिकोत्सव भी है। प्रात :11 बजे भगवती गिरि राजेश्वरी का वैदिक मंत्रों से विस्तार से पूजन और अभिषेक होगा। गिरि राजेश्वरी का वर्ष में एक बार ही शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर अभिषेक होता है। संवित साधनायन संस्थान के कोषाध्यक्ष श्यामकिशोर बोहरा और सह कोषाध्यक्ष रामराज पुरोहित ने बताया कि संवित धाम में विराजित भगवती गिरि राजेश्वरी की आराधना व पूजन संपूर्ण नवरात्रि में चल रहा है। प्रतिदिन प्रात : सामूहिक रूप से सभी साधक दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहे है। दुर्गाअष्टमी पर 11 अक्टूबर को नौ कुंडीय चंडी हवन का शुभारंभ गणपति पूजन व पीठादी पूजन से होगा। बाद में गणपति, सर्व देवता, स्थापित देवता, षोडश मातृका, सप्त मातृका, आगार आहुति, श्रीसुक्त से लक्ष्मीजी की आहुति और श्री दुर्गासप्तसति से चंडी आहुतियां दी जायेगी। घृत, शाक्ल्या, सर्व औषधि के साथ साथ हरी सब्जी, नाग केशर, कमल कंठ, सिंदूर , मक्खन, और मेहंदी से भी आहुतियां दी जाएगी। पूर्णाहुति के बाद सायं 5 बजे से सार्वजनिक धर्म सभा होगी जिसमे स्वामी नारायण गिरि महाराज का प्रवचन भी होगा।

धरना आपसी समझाइश से स्थगित किया

पोकरण, (निसं)। जिले की नहरी बाहुल्य क्षेत्र की ग्राम पंचायत नाचना में हुए विकास कार्यों की अनियमितता,भ्रष्टाचार की एसीबी से जांच करवाने समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पिछले नौ दिन से ग्रामीण धरने पर बैठे थे, सोमवार से आमरण-अनशन कर रहे थे जिसको आपसी समझाईश के बाद स्थित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर 28 दिन पूर्व में भी पंचायत मुख्यालय के सामने धरना रखा गया था, जिसे कुछ मुख्य मांगों पर ग्राम पंचायत नाचना से सहमति बनने पर धरना उठा लिया गया था और तय समयावधि में मांगे पुरी नही होने के कारण धरना वापस दिया जा रहा था। नाचना ग्राम पंचायत के सरपंच व विकास अधिकारी ने आज धरना देने वालों के साथ बैठकर आपसी सहमति बनाकर व जूस पिलाकर समाप्त करवाया दिया। रामपुरी जी महाराज विधायक प्रतिनिधि पोकरण के सानिध्य में विकास अधिकारी आशुतोषसिंह व सरपंच तेजल सोनी ग्राम पंचायत नाचना ने नेमीचंद सोनी तुलछसिंह देवडा मांगूसिंह तंवर उम्मेदसिंह व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में आश्वासन दिया कि जिस विकास कार्यों में अनियमितता का अंदेशा हैं, उन्हें अतिशीघ्र दुरुस्त किया जायेगा। धरनार्थियों के साथ वार्तालाप की और सम्बंधित समस्याओं के समाधान करने का पुरा आश्वासन देकर सौहार्दपूर्ण वार्तालाप व सकारात्मक चर्चा करके धरना प्रदर्शन स्थगित करवा दिया गया। तत्पश्चात धरने पर बैठे नरपतसिंह ओमप्रकाश गर्ग संतोष मेघवाल को सरपंच,विकास अधिकारी द्वारा जूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया गया। इस दौरान रामपुरी विधायक प्रतिनिधि पोकरण, आशुतोष सिंह विकास अधिकारी, नाचना मंडल अध्यक्ष तुलछसिंह देवडा, सरपंच प्रतिनिधि नेमीचंद सोनी, मांगूसिंह तंवर, उम्मेदसिंह आदि उपस्थित रहे।

हेमंत जैन ने वरिष्ठजनों का सम्मान किया

जालोर, (कासं)। जालौर के वरिष्ठ नागरिक संस्थान के विभिन्न पदाधिकारियों का सेवानिवृत्ति वरिष्ठ चिकित्सक हेमंत जैन के द्वारा सम्मान किया गया। सीनियर सिटीजन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक हेमंत जैन के द्वारा वरिष्ठ नागरिक संस्थान के कार्यकर्ताओं नारायण लाल भट्ट , लक्ष्मण सुंदेशा,ललित कुमार दवे , बी एल सुथार, ऋषि कुमार दवे, पुखराज शर्मा, रामजीवन फिडोदा ,अंबालाल सुदेशा, सूरज प्रकाश व्यास, देवेंद्र नाग, कानाराम परमार, सावलचंद माली, देवीलाल माली, निरंजन आचार्य व चांद रतन त्रिवेदी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्क के बागवान सुरेश कुमार का भी बगीचे के अच्छे रख रखाव एवं कार्य व्यवहार हेतु शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रविंद्र सिंह बालावत, मोहन पाराशर एवं श्री हेमंत जैन उपस्थित रहे। वरिष्ठ नागरिक संस्थान के लक्ष्मण सुंदेशा द्वारा डॉक्टर हेमंत जैन का माला पहनाकर व शाल ओढा कर बहुमान किया गया। इस अवसर पर मोहन पाराशर द्वारा वरिष्ठ नागरिक संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों की प्रशंसा की एवं यह सुझाव दिया की युवाओं को भी साथ में जोडकर उनका भी सकारात्मक मार्गदर्शन किया जावे। इस अवसर पर पूर्व कोषाधिकारी देवीलाल माली ने संस्थान के लिए इंडोर गेम दिए जाने की घोषणा की। संस्थान के अध्यक्ष ऋषि कुमार दवे द्वारा सभी का धन्यवाद आभार प्रदर्शित किया गया।

सिंधी कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ आज

पाली , (नि.सं.)। पाली शहर के सिन्धी कॉलोनी स्थित देवी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में मंदिर में भव्य सजावट की गई है। मंदिर के पुजारी दौलत तनवानी में बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूम-धाम से नवरात्रि महोत्सव मनया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर 2024 बुधवार को रात्रि 8 बजे से श्री सोमनाथ सुंदरकाण्ड पाठ सेवा समिति द्वारा सुन्दर संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ शुरू हुआ। यह पाठ निर्माणधीन सिन्धु भवन हॉल, सिंन्धी कॉलोनी बगेची में किया। अगले दिवस 10 अक्टूबर 2024 गुरुवार को देवी माता मंदिर, सिन्धी कॉलोनी में सांय 7 बजे माता जी की महाआरती के पश्चात् खीर पुड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि ॐ दुर्गा अष्टमी पर 11अक्टूबर शुक्रवार को देवी माता मन्दिर में सुबह 10.30 बजे किया हवन यज्ञ जाएगा। इसके साथ ही निर्माणधीन सिन्धु भवन सिन्धी कॉलोनी बगेची में दोपहर 12.15 बजे ब्राह्मण व कन्या भोज के बाद 12.30 से माताजी का आम भंडार लंगर किया जाएगा। महिलाओ की सिन्धी कॉलोनी बगेची व पुरषों की सिन्धु भवन हॉल में बैठने की अलग- अलग व्यवस्था की गई है। भंडारा में आने - जाने के लिए पुराना हाऊसिंग बोर्ड व रेलवे स्टेशन झलेलाल मन्दिर से वाहन टेम्पो की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

डाक विभाग में युवाओं की इंटर्नशिप शुरू

पाली , (नि.सं.)। माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय डाक के संयुक्त तत्वाधान में अनुभवों से सीखें कार्यक्रम शुरू किया गया। डाक विभाग से अंजुम ने बताया कि डाक अद्दीक्षक रमेश मीणा के निर्देशन में प्राप्त 10 आवेदनों में से गुड़ा एन्दला से पारस थानवी व सायरनीर मेघवाल का चयन किया गया। इन युवाओं को डाक विभाग द्वारा आमजन उपयोगी योजनाओं, वित्तीय समावेश व डाक विभाग के कार्यों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। डाक विभाग से डिम्पल प्रजापत द्वारा ब्रांच में आयोजित होने वाले कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि युवाओं द्वारा 06 नवम्बर तक इंटर्नशिप के दौरान डाक विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के अतिरिक्त ब्रांच व मुख्यालय स्तर पर आवंटित कार्य किये जाएंगे। संतोषपूर्ण कार्य निष्पादन पश्चात माय भारत द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

गोपालक क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी

बाप, (निसं)। राणेरी ग्राम सेवा सहकारी समिति कार्यालय में गुरूवार को गोपालक क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर शिविर का समिति अध्यक्ष सुमित्रा विश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। व्यवस्थापक कुलदीप जोशी ने बताया कि शिविर में बताया गया कि गोपालक क्रेडिट कार्ड योजना में पात्र गोपालको को एक वर्ष की अवधि के लिए एक लाख रूपये तक का अल्पकालिक ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। इस ऋण राशि को उसे 12 माह में किश्त दर किश्त चुकाना होगा। यदि 12 माह में लोन नहीं चुकाया जाता है तो बैंक 1०.25 फीसदी की दर से ब्याज लगेगा। इस दौरान व्यवस्थापक कुलदीप जोशी, सरस डेयरी फलौदी आरपी सदस्य बीरबल व गोपालक उपस्थित रहे।

भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

बाप, (निसं)। बाप कस्बे में उपाध्यक्ष गोपाल भट्टड के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन गुरूवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। संत ने कहा कि परमात्मा का प्राकट्य आनंद प्रदायक है। संसार दु:खमय है और परमात्मा आनंदमय। जीव संसार में आनंद को शोधता है, लेकिन संसार में जीव को दुख ही मिलता है। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जय घोष से कथा स्थल गूंज उठा। भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव मनाया गया। सभी लोग श्री कृष्णमय दिखाई दिए। आनंद की बरसात होने लगी।

सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचेगा : गर्ग

ग्राम सहकारी सेवा समिति लेटा के भवन का भूमि पूजन जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत लेटा ग्राम सेवा सहकारी समिति के भवन एवं गोदाम निर्माण के स्वीकृत कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य, लेटा सरपंच शांति देवी चौधरी की अध्यक्षता व जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, पंचायत समिति सदस्य छगनाराम माली व समिति के अध्यक्ष खीमाराम माली के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

भूमि पूजन कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेक जोगेश्वर गर्ग ने ग्राम पंचायत लेटा द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

विद्युत व पेयजल संबंधित परिवादों को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित ने कहा कि स्थानीय स्तर पर गोदाम निर्माण होने से किसानों व ग्रामीणों का इसका लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में सुजाराम चौधरी ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत निर्मित हो रहे ग्राम सेवा सहकारी समिति भवन व गोदाम के लिए राज्य सरकार एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का आभार जताया।

इस अवसर पर दीप सिंह धनानी, भवानी सिंह बाकरा, उप सरपंच रणछोड़ाराम माली, समिति के उपाध्यक्ष मदनलाल माली, सुजाराम चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सिंह, कनिष्ठ सहायक कृष्णा चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

खेलों से जुड़े लोगों का सम्मान

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागली पुरोहितान में सम्मान समारोह आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भागली पुरोहितान में बुधवार को ग्रामीणों ने खिलाडियों, भामाशाह, प्रशिक्षक का सम्मान किया।

शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुथार ने बताया कि राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर पहलवानों के गांव लौटने पर ग्राम वासियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें कुश्ती के पहलवान हीरा कुमारी धनवंती चंदा आरती काजल लता मनीषा कुमारी छात्र वर्ग में जगदीश नरेंद्र कुमार राहुल कुमार भावेश राणा सचिन राहुल जेठाराम प्रशिक्षक मिश्रीमल सुथार टीम प्रभारी मनोज दवे भामाशाह अशोक सिंह राण सिंह जितेंद्र सिंह बालू सिंह नरपत सिंह का संस्था प्रधान सरोज चौहान एवं ग्राम वासियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

संस्था प्रधान द्वारा सभी भामाशाह एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया, भामाशाह जितेंद्र सिंह बालू सिंह ने हर संभव खेल के लिए मदद के लिए तैयार रहने को कहा।

इस अवसर पर राम सिंह महेंद्र सिंह मोहिनी देवी ललिता रानी नाथीदेवी सुमन भदाला कमल किशोर उत्तम सिंह अर्जुनसिंह उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक मिश्रीमल सुथार ने किया।

शक्ति पूजन कार्यक्रम संपन्न

बाप, (निसं)। बाप स्थित आदर्श विद्या मंदिर में मंगलवार शाम को सीमाजन कल्याण समिति बाप नगर का शक्ति पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शस्त्रों की पूजा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीमाजन कल्याण समिति के राजस्थान प्रदेश संगठन मंत्री स्वरूपदान ने कहा की शक्ति शाली के सामने सभी झुकते है। निर्बल की कोई मदद नहीं करता। सुरक्षा व विकास में हमे पहले सुरक्षा को चुनना होगा। हम सुरक्षित होंगे तो विकास अपने आप होगा। सनातन धर्म में सभी देवी देवताओं के हाथो में आत्म रक्षा के लिए शस्त्र है। हमे भी आत्मरक्षा के लिए शस्त्र रखने चाहिए। देश की सीमाएं सुरक्षित रहे इसके लिए शक्तिशाली युवाओ की फौज तैयार हो। देश की सीमा का घेरा मजबूत हो। बाप खंड संघचालक मनसुख पालीवाल, सीमाकन कल्याण समिति फलोदी जिलाध्यक्ष अखेराज खत्री, तहसील अध्यक्ष मांगीलाल सियाक, भारत विकास परिषद के ओम राठी, अशोक चांडक, नगर कार्यवाह पुखराज, भोजाराम, श्याम सुंदर माकड, मुरलीधर, दिनेश बजरंगी, अनिल आचार्य, दामोदर मेहता, शक्ति केंद्र प्रमुख दिलीप भाटी, पपुराम, श्याम सुंदर भूतडा, मांगीलाल सारण, रमेश प्रजापति, राधेश्याम तंवर सहित कई जने मौजूद रहे।

मुकेश लोहार ने पांचवीं बार रक्तदान किया

जालोर, (कासं)। जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के मुकेश लोहार ने सामान्य चिकित्सालय जालोर में प्रसूता को रक्तदान कर जान बचाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि सामान्य अस्पताल के प्रसूता को ओ नेगेटिव रक्त की आपातकालीन जरूरत पडी जहाँ ब्लड बैंक ने बिना रिप्लेसमेंट रक्त देने से इनकार कर दिया।

इस पर परिजन ने जिला महासचिव सतीश मालवीय से सम्पर्क कर ब्लड की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

आग्रह पर मालवीय ने त्वरित कदम उठाते हुए मुकेश लोहार से सपंर्क कर तुंरत ब्लड बैंक पहुंच कर मरीज के लिए रक्तदान कराया।

उससे पहले लोहार 4 बार अपातकाल में रक्तदान कर चुके हैं । इस अवसर पर सतीश मालवीय , ब्लड बैंक स्टाफ मौजूद रहे ।

विद्यालय में कन्या पूजन किया

आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक भीनमाल मार्ग जालोर में कन्या पूजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक भीनमाल मार्ग जालोर में आश्विन शुक्ल सप्तमी बुधवार को कन्या पूजन का आयोजन मां दुर्गा के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में शैक्षिक प्रमुख कविता ओझा ने सभी कन्याओं के शुद्ध जल से पैर धोकर, चुनरी ओढा करके पूजा का लाभ उठाया। विद्यालय की प्रधानाचार्य गायत्री देवी ने अतिथियों, भामाशाह का आभार जताया। कार्यक्रम अध्यक्ष परमानंद भट्ट, कोषाध्यक्ष ज्ञानेश त्रिपाठी, शैक्षिक प्रमुख भामाशाह के रूप में एडवोकेट तरुण कुमार गहलोत, लता माली, हेमलता माली, हेमलता वैष्णव, सीमा राठौड, भूमिका शर्मा, किशन परिहार ने कन्याओं को भोजन करवा कर दक्षिणा भी दी।

मदनसिंह आर्य की पुण्यतिथि मनाई

जालोर में आर्य वीर दल ने कर्मयोगी मदनसिंह आर्य की पुण्यतिथि पर यज्ञ किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान में जिमनास्टिक व बॉक्सिंग के जनक कर्मयोगी मदनसिंह आर्य की 39 वीं पुण्यतिथि पर पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में आर्य वीर दल के प्रांतीय महामंत्री शिवदत्त आर्य के सानिध्य में यज्ञ भी आयोजन हुआ । इस अवसर पर शिक्षा विभागीय वुशु प्रातियोगिता में पदक जीतने वाली आर्य वीरांगनाओं का स्वागत किया गया ।

प्रेरणा सभा को सम्बोधित करते हुए आर्य वीर दल के प्रदेश अधिष्ठाता विनोद आर्य ने कहा कि कर्मयोगी मदनसिंह आर्य ने सेना में अपनी सेवाएं देने के बाद युवाओं को शारीरिक, आत्मिक व बौद्धिक रूप से मजबूत करने के लिए राजस्थान से दिल्ली तक आर्य वीर दल संगठन खड़े किए। महर्षि दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के विचारों से प्रभावित होकर कर्मयोगी आर्य ने नोजवानो का चरित्र निर्माण करने का बीडा उठाया। उनके बताए पदचिन्हों पर चलकर आज सैंकडों युवा बॉक्सिंग व जिम्नास्टिक में नए-नए कीर्तिमान बना आर्य वीर दल का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने युवाओं को आर्य वीर दल से जोडने के लिए मुहिम चलाने का संदेश दिया। आर्य वीर दल के संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने आर्य का स्मरण करते हुए कहा कि समाज व देश में व्याप्त बुराइयों का अंत करने के लिए युवाओं को आर्य वीर दल की शाखाओं में जाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आर्य वीर दल के वुशू में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी दिव्या सोनी व नेहा सुथार, रजत पदक विजेता कुसुम सुथार तथा टीम प्रभारी शिवदत्त आर्य का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत वैदिक यज्ञ के साथ हुई। यजमानों ने वेदमंत्रों पर आहुतियां दी।कार्यक्रम का प्रभावी संचालन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने किया ।

कार्यक्रम में आर्य वीर दल अध्यक्ष कृष्ण कुमार, शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा,पूर्व पार्षद जगदीश आर्य,समाज सेवी भंवर सिंह भाटी, डूंगाराम सुथार,रेनू स्वामी सहित आर्य वीर व वीरांगनाएं की मौजूदगी रहीं।

सार-समाचार

सामूहिक कन्या पूजन किया

जोधपुर, (कास)। राजस्थान के सांस्कृतिक और सामाजिक संस्थान के रूप में विभिन्न प्रकार सरोकार निभाने वाले मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान ने अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा के नेतृत्व में जोधपुर के रोटरी चौराहा पर स्थित राजकीय बालिका सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारपुरा में नवरात्र के अवसर पर 108 कन्याओं का सामूहिक पूजन कर सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया। मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की कार्यवाहक सचिव सुमन परिहार ने बताया कि नवरात्र के समय कन्याओं के पूजन और भोजन कराने की परंपरा से नई पीढी को रूबरू कराने के उद्देश्य से राजकीय बालिका सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय सरदारपुरा की प्राचार्या सरोज जाखड़ के सहयोग से यह आयोजन संपन्न किया गया। राज्यसभा सदस्य और राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत के निर्देशन में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी सीमा शर्मा,और जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा ने की। इस अवसर पर मरुधरा परिवार और स्कूल परिवार की शिक्षकों ने मिलकर राज्यसभा सदस्य राजेंद्र गहलोत व अन्य अतिथियों के नेतृत्व में कन्याओं का विधि विधान से पूजन किया और पूजन करने के पश्चात भोजन कराया गया तथा इस अवसर पर मरुधरा परिवार की ओर से श्रद्धा अनुसार कन्याओं को तोहफे भी दिए गए। इस कार्यक्रम में मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की कोषाध्यक्ष डिंपल गौड़, कार्यकारिणी सदस्य अनीता गहलोत, बिंदु श्रीवास्तव, पूनम गौड़, अर्चना गौड़, सुनंदा पुरोहित, देवयानी पंवार के अलावा मरुधरा परिवार के सदस्यो के अलावा सरदारपुरा गर्ल्स स्कूल की शिक्षकों की टीम भी मौजूद रही।

विज्ञान मेला का समापन समारोह हुआ

गुड़ामालानी, (निसं)। मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को तीन दिवसीय समग्र शिक्षा एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर के तत्वावधान में 51 वें जिला स्तरीय विज्ञान मेला का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड, जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह महेचा, कमलेश कुमार मीणा,अचलाराम सेवदा उडासर,आदुराम साईं, भवरसिंह राखी,प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान, पीईईओ विक्रम सिंह राठौड,व्याख्याता सुरेश कुमार सैन के सानिध्य में विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राणा सुरेन्द्र सिंह राठौड ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के द्वारा विज्ञान मेले कि पहल से वैज्ञानिक विधार्थियों कि प्रदर्शनी को देखकर आश्चर्य चकित रह गया । ऐसे मेलो से बच्चों को शिक्षा के साथ विज्ञान का अनुभव मिलता है । जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह महेचा ने कहा कि जीवन में हार जीत का बहुत महत्व है। विद्यालय प्रधानाचार्य हितेंद्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों एवं कार्यक्रम में भाग लेने विधार्थियों तथा सहयोग करने वाले भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया । वहीं विज्ञान मेले में अच्छी प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले वैज्ञानिक विधार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । मंच संचालन बंशीलाल राजपुरोहित ने किया। अचलाराम बोस, मोहनलाल गोयल, मोहन लाल गर्ग, जगमालाराम विश्नोई, राणाराम नेहरा, वरिष्ठ सहायक अर्जुन दहिया, मदनलाल सैन, केलाश भार्गव सहित कई जने उपस्थित रहे।

जंगली श्वानों से शिशु हिरण को बचाया

धोरीमन्ना, (निसं)। उपखण्ड के पाबूबेरा गांव के धोरों में जंगली श्वानों ने हिरणों के झुण्ड का पीछा किया तो बाकी हिरण भाग गये लेकिन एक मादा हिरण को अपने चंगुल में लेकर काफी घायल कर दिया। उनके रोने की आवाज सुनकर विद्यालय आ रहे बच्चे उनकी तरफ दोडे और तेज आवाज की तो श्वान भाग गए। तब बच्चों ने पर्यावरण प्रेमी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई को फोन किया। तब शिक्षक अपना निजी वाहन लेकर तुरंत वहां पहुंचे और घायल मादा हिरण का प्राथमिक उपचार किया लेकिन अधिक घायल होने के कारण उनकी मौत हो गयी। लेकिन उनका छोटा बच्चा बिना मां का हो गया ।तब मादा हिरण का अंतिम संस्कार करके हिरण के बच्चे को विद्यालय लेकर आ गये और उनको बकरी का दूध मिलाकर विद्यालय परिसर में छोड दिया। फिर छुट्टी के बाद उसे अपने निजी वाहन से मां अमृतादेवी वन्यजीव संरक्षण संस्थान कातरला ले जाकर उनको सुपुर्द कर मानवता का परिचय दिया। शिक्षक विश्नोई से बात की तो बताया कि मैं पिछले करीब पन्द्रह सालों से जीव जन्तुओं की सेवा के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहता हूं। जिसके कारण सैकडों मूक प्राणियों का रेस्क्यू कर चुका हूं। साथ ही शिक्षक होने के नाते हर विद्यार्थी के मन में जीव दया का भाव भी भरता हूं। जिसके कारण विद्यार्थी भी जीवों के प्रति दया भाव रख सके। विद्यार्थियों में ऐसा भाव होने के कारण पाबूबेरा से करीब पचास के लगभग वन्यजीवों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

'संस्कारवान बालक ही मां की पहचान'

धोरीमन्ना, (निसं)। स्थानीय विद्या भारती की ओर से संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना में बुधवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडो माताओ बहिनों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डॉ.प्रमिला चौधरी ने बताया कि संस्कारवान माता ही अपने पुत्र को वीर शिवाजी जैसा महान योद्धा बना सकती है। अध्यक्षता कर रही श्रीमती लीला चौधरी (सरपंच कौशले की ढाणी) ने बताया कि सात्विक व संतुलित भोजन करवा कर एक मां अपने पुत्र का शारीरिक व बौद्धिक विकास करती है। विशिष्ट अतिथि सीता बिश्नोई (अध्यापिका रा.उ. मा.वि.धोरीमन्ना) ने बताया कि माता अपने बालक को नकारात्मक सोच से दूर रखकर उसके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। मुख्य वक्ता भावना चौधरी (विभाग कार्यवाहीका,राष्ट्र सेविका समिति बाडमेर विभाग) ने बताया कि संस्कारवान बालक ही मां की पहचान होती है। मां बालक की बाल्यावस्था में ही वीर योद्धा व महान वैज्ञानिक के गुण भर देती है। व्यवस्थापक नरपत सिंह चौहान ने आगंतुक मेहमानो का परिचय व स्वागत करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण दास माली ने विद्यालय का प्रतिवेदन व आगंतुक मेहमानो का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन संगीता पंवार ने किया।

सड़कों के लिए सैद्धान्तिक सहमति जारी

जालोर, (कासं)। जालोर विधायक एवं मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा जालोर विधानसभा क्षेत्र में 8 सड़कों की स्थाई मरम्मत के लिए 4 करोड़ 45 लाख रूपयों की सैद्धान्तिक सहमति जारी की गई है। प्राप्त जानकारी क अनुसार विधायक गर्ग के निजी सचिव ने बताया कि जालोर विधानसभा क्षेत्र में सायला से तुरा सड़क के लिए 70 लाख, जालोर से रतनपुरा सड़क के लिए 63 लाख, केशवना-उम्मेदाबाद सड़क के लिए 65 लाख, धरडा पावटी सम्पर्क सड़क के लिए 58 लाख, जालोर-धवला-नारणावास (धवला गांव) सड़क के लिए 45 लाख,मांडवला-आंवलोज-बासन-बालवाडा से एसएच-38 सड़क कार्य के लिए 45 लाख, भागली प्याऊ से नारणावास सम्पर्क सड़क के लिए 45 लाख व पांथेडी से थलवाड सड़क के लिए 54 लाख की सैद्धान्तिक सहमति जारी की गई है। इससे स्थानीय लोगों को सुगम परिवहन का लाभ मिल सकेगा।

भागीरथराम विश्नोई ने कार्य संभाला

गुड़ामालानी, (निसं)। हाल ही में सरकार द्वारा अधिकारियों को किए गये स्थानांतरण के तहत गुडामालानी तहसीलदार भागीरथराम विश्नोई ने कार्यभार संभाला। स्थानांतरण प्रकिया के तहत कार्यरत तहसीलदार कोशल्या जांगीड का स्थानांतरण जोधपुर हो जाने से धोरीमन्ना में लगे तहसीलदार भागीरथराम विश्नोई को गुडामालानी लगाया गया। भागीरथराम विश्नोई पुर्व में गुडामालानी तहसील में सेवाएं दे चुके हैं । आज बुधवार को तहसील में पदभार ग्रहण किया । तहसील स्टाफ एवं रमेशलाल जोशी, पटवारी नरसीराम चौधरी के द्वारा नवनियुक्त तहसीलदार का साफा एवं मुंह मीङ्गा करवाया स्वागत किया गया । यह जानकारी तहसील के वरिष्ठ सहायक गणपत लाल ने दी ।

नौ देवियों की झांकी सजेगी

जालोर, (कासं)। ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र शिवाजी नगर जालोर की ओर से 10 से 12 अक्टूबर तक चैतन्य नौ देवियों की झांकी का आयोजन किया जायेगा। संचालिका रंजू दीदी जी ने बताया कि नवरात्रि के पावन पर्व पर 10 से 12 अक्टूबर तक ब्रह्माकुमारीज की ओर से चैतन्य नौ देवियों की झांकी का आयोजन आशापूर्णा कॉलोनी जालोर में किया जा रहा है जिसमें सभी शहर वासी आमंत्रित है कार्यक्रम का समय रात 9 बजे से 10.30 बजे तक का रहेगा। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण नाटक प्रस्तुति एवं देवियों का आगमन का अनोखा दर्शन रहेगा।